Leprosy Asylums

1050. DR. SANJAYA SINH: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Leprosy Asylums have failed in their twin purposes of Social rehabilitation and medical treatment as per the news items entitled: "Leprosy Asylums yet to make a mark" which appeared in the Hindustan Times, dated 31st January, 1993; and

(b) if so, what action Government prpose to take in the matter?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a)and (b) With the introduction of Multi Drug. Therapy for treatment of leprosy in 1982, the concept of Leprosy Asylums has become outdated as leprosy patients can be given demiciliary treatment. Presently the emphasis in the programme is on early detection of leprosy cases and their regular treatment without isolating them from the faimly. This serves the twin purpose of adequate social rehabilitation and completion of timely treatment.

कलकत्ता के मेडिकल स्टोरों में दवाइयों का उपलब्ध न होना

1051. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कलकत्ता के मेडिकल स्टोरों/डिपों में दवाइयों का कोई स्टाक उपलब्ध नहीं है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या स्टाक की अनुपलब्धता के कारण विगत दो वर्षों के दौरान राज्यों को दवाइयों की आपूर्ति में विलम्ब हुआ है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ग) आपूर्ति में कोई असामान्य विलम्ब सूचित नहीं किया गया है।

गुजरात में परिवार कल्याण केन्द्र

1052. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार गुजरात में परिवार कल्याण केन्द्रों की संख्या में वृद्धि करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 1992-93 के दौरान अभी तक परिवार नियोजन हेतु आपरेशन कराने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ग) अप्रैल, 1992 से जनवरी, 1993 के दौरान परिवार नियोजन आपरेशन कराने वाले व्यक्तियों की संख्या 1,73,159 (अनन्तिम) है।

उत्तर प्रदेश में परिवार कल्याण केन्द्र

1053. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय परिवार कल्याण केन्द्रों की संख्या कितनी है;

(ख) उत्तर प्रदेश में ऐसे केन्द्रों की जिलेवार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार इन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि करने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी बयौरा क्या है; और

(ङ) वर्ष 1991-92 में और 1992-93 में अभी तक परिवार नियोजन हेतु आपरेशन कराने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी-कितनी है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) और (ख) परिवार कल्याण केन्द्रों की जिला-वार संख्या अनुपत्र में दी गई है। [देखिए परिशिष्ट 166, अनुपत्र संख्या 20]

(ग) जी, नहीं।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) उत्तर प्रदेश में 1991-92 और 1992-93 (जनवरी, 1993 तक) के दौरान परिवार नियोजन